**Q.P. Code 00001908**

**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।)**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**
**२. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक / उप प्रश्न क्रमांक संख्या अवश्य लिखिए |**
**३. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२४)**

**(क)** “मुहल्लों में सफेदपोशी और इज्जत होने पर भी चोर के लिए घर में कुछ न था, शायद एक भी कपड़ा या बरतन ले जाने के लिए चोर को ना मिलता, पर चोर तो चोर है |”

**अथवा**

“सारे गाँव ने फैसला कर दिया एक के पाप के लिए सारे गाँव को मौत के मुँह नहीं झोक सकते | जिसने पाप किया है उनका दंड भी वही भोगे |”

**(ख)** “उपन्यास की सच्चाई के मानदंड इस बात पर निर्भर नहीं होते कि अमुख घटना वास्तव में घटी थी या नहीं, बल्कि इस बात पर कि जीवन के समूचे यथार्थ के परिप्रेक्ष्य में यह घटना विश्वसनीय बन पायी है या नहीं |”

**अथवा**

“जीवन भर मुझसे द्वेष रखा, मृत्यु पर तो मुझे चैन प्रदान होने देते, क्या देखने आए हो मेरी विवशता, या अब भी तुम्हारी छलपूर्ण विजय में कोई त्रुटि रह गई?”

**प्रश्न २. निम्नलिखित दिर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(३०)**

(ग) ‘डाची’ कहानी में उपेन्द्रनाथ अश्क जी बाकर के माध्यम से समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं? उसे विस्तार से लिखिए |

अथवा

‘प्रतिशोध’ कहानी पुरुषोत्तम ‘सत्यप्रेमी’ द्वारा रचित एक अत्यन्त मार्मिक और संवेदशील कहानी हैं | स्पष्ट कीजिए |

**(घ)** ‘सरयू भैया’ के माध्यम से लेखक की चिंता को अभिव्यक्त कीजिए |

**अथवा**

‘जैसे उनके दिन फिरे’ व्यंग्य के माध्यम से हरिशंकर परसाई जी क्या कहना चाहते हैं? उसे स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१५)**

**(च)** “जीवन की वास्तविकता किसी भी काल्पनिक साहित्यिक कहानी से ज्यादा हैरतअंगेज होती है|” लेखक उदय प्रकाश ऐसा क्यों कहते हैं? सोदाहरण लिखिए |

**अथवा**



XJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73D

'सरहद के उस पार' रिपोर्ताज में चित्रित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक दशा का चित्रण कीजिए|

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयो पर टिप्पणी लिखिए|** **(१६)**

**(प)** 'काला शुक्रवार' कहानी की मूल संवेदना|

**अथवा**

'खारु का चरित्र-चित्रण कीजिए|

**(फ)** 'नज़र नसाय गई मालिक' का सारांश|

**अथवा**

कबीर का भाषा सिद्धांत|

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए|** **(१५)**

१. भुवनेश्वर जी का जन्म कहाँ हुआ?
२. 'रामभरोसे' किस कहानी में गौण पात्र के रूप चित्रित हुआ हैं|
३. राधेलाल किसके यहाँ नौकरी के लिए जाते थे?
४. लेखिका मीराज को कितने सालों से जान रही थी?
५. किसका पानी छू लेने पर व्यक्ति बच नहीं सकता?
६. गरीब के एक मात्र सहायक कौन है?
७. 'ग्रामीणों में रहनेवाला व्यक्ति का सामाजिक और आर्थिक रूप से विकास नहीं होता है|' ऐसा किस कहानी में लेखक कहते हैं?
८. 'इंदुमति' कहानी के लेखक का नाम लिखिए?
९. लेखक के पास कौन नौकरी माँगने आता हैं?
१०. राजा के बड़े पुत्र ने राजा बनने के लिए किन गुणों को आवश्यक समझा?
११. दुर्योधन के अनुसार सच्चा योद्धा, दानवीर और धर्मी कौन था?
१२. लेखक को राजनीति और साहित्य की शिक्षा कहाँ मिली?
१३. बम्बई के किस नगर में हिंदू-मुस्लिम दंगे हुए थे?
१४. बुद्ध ने पहली बार 'अनिमेष लोचन दृष्टि' से किसे निहारा था?
१५. राजकुमार के बीमार मामाजी की खोज खबर लाने कौन गया?

****



XJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73DXJAYANTOY49A73D